पटना जिला क्रिकेट संघ के विवाद के सम्बन्ध में निर्णय

पटना जिला क्रिकेट संघ में चल रहे पूर्व के विवाद पर दिनांक 8 दिसम्बर,2020 को आपसी सहमति के आधार पर विवाद को समाप्त करते हुए कमिटी ऑफ मैनेजमेंट के सभी सदस्यों ने संविधान में वर्णित व्यवस्था के आधार पर बहुमत से जिला संघों की गतिविधियों को संचालित करने पर सहमती जताई थी। मगर, दिनांक 16 सितम्बर,2021 को पीडीसीए के अध्यक्ष प्रवीण कुमार प्रणवीर ने कमिटी को भंग करते हुए एक तदर्थ कमिटी की घोषणा कर दी। पटना जिला क्रिकेट संघ के कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के अन्य सदस्यों ने प्रवीण कुमार प्रणवीर की कारवाई को पीडीसीए के संविधान के विरुद्ध होने का आरोप लगाते हुए प्रवीण कुमार प्रणवीर को अध्यक्ष पद से निलंबित कर दिया।

इस मामले पर दोनों पक्षों से प्राप्त शिकायत के आधार पर विधिवेत्ताओं की राय ली गयी और तत्पश्चात बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट में विचार-विमर्श किया गया। कानूनविदों की राय के आधार पर यह निर्णय लिया गया कि पटना जिला क्रिकेट संघ के पुरे मामले को लोकपाल महोदय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उनसे यथाशीघ्र न्यायोचित करवाई के लिए अनुरोध किया जाये। बीसीए की कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट ने सम्बंधित खिलाडियों के करियर तथा असमंजस की स्थिति के मद्देनज़र यह भी निर्णय लिया कि इस मामले में लोकपाल महोदय के निर्णय आने तक पटना जिला क्रिकेट संघ की गतिविधियों के संचालन में 16 सितम्बर,2021 के पूर्व की स्थिति बहाल रहेगी. पटना जिला क्रिकेट संघ की कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के बहुमत के निर्णय को ही बिहार क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट संचालन तथा इससे सम्बंधित गतिविधियों के लिए मान्य करेगी।